पाक्षिक

खबर आस पास
RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

राष्ट्रपति बोलीं- किताबें पढ़िए, नई तकनीक सीखिए, सवाल पूछिए : रायपुर में जेन-जी को दिए सक्सेस मंत्र; रु.200 का स्मारक सिक्का जारी किया

नई दिल्ली एजेन्सी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिन के दौरे पर गुरुवार को रायपुर पहुंचीं। वे इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'सेवा सम्मान पर्व' और 'युवा प्रबोधन' कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने युवाओं को सक्सेस टिप्स दिए। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू को ड्रुढ्ढकगेट से एंट्री नहीं मिली। इसके बाद वे दूसरे गेट से पैदल ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे। विधायक संपत अग्रवाल को भी कार्यक्रम स्थल पर जाने से पहले रोक दिया गया था। इसके बाद वे वापस लौट गए। इससे पहले राष्ट्रपति ने लोकभवन में ?200 का स्मारक सिक्का जारी किया। सिक्के पर एक तरफ अशोक स्तंभ और दूसरी तरफ शदाणी दरबार की पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की तस्वीर है। 35 ग्राम वजनी यह सिक्का 4 धातुओं से मिलकर बना है। इसे ऑनलाइन बुक किया जा सकता है।

राष्ट्रपति बोलीं- महिलाएं अबला नहीं, सबला हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिलाओं को पहले अबला और दुर्बल कहा जाता था, लेकिन वे सबला हैं। महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और वे सब कुछ कर सकती हैं।

'जहां से हमने अपनी यात्रा शुरू की, उसे हमेशा याद रखें'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जहां से हमने अपनी यात्रा शुरू की है, उस जगह की स्थिति को हमेशा याद रखना चाहिए और उसे भी आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। आधुनिकता हमें आगे बढ़ने की शक्ति देती है, जबकि संस्कृति हमें अपनी जड़ों से जोड़कर रखती है।

राष्ट्रपति बोलीं- बड़ा बनने के बाद पीछे रह गए लोगों को आगे बढ़ाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बड़ा बनने के बाद हमेशा पीछे मुड़कर देखना चाहिए और पीछे रह गए



लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। यही बड़े होने की असली पहचान है।

उन्होंने कहा कि अगर आप बड़े अधिकारी बन गए, लेकिन आपके पड़ोसियों के पास आगे बढ़ने के साधन नहीं हैं और आप उनकी मदद नहीं करते, तो आपके बड़े बनने का कोई फायदा नहीं है। जब आप दूसरों को आगे बढ़ाएंगे, तभी आपके बड़े बनने का सही मायने में फायदा होगा।

राष्ट्रपति ने युवाओं को दिए सफलता के मंत्र

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं को तीन संकल्प लेने की बात कही।

- पहला संकल्प: आजीवन सीखते रहने का
- दूसरा संकल्प: डरना मना है
- तीसरा संकल्प: समाज की प्रगति में योगदान देना
- चौथा संकल्प: अपनी जड़ों को याद रखना

राष्ट्रपति बोलीं- असफलता से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं से कहा कि चलते रहिए, आगे बढ़ते रहिए और सीखते रहिए। किताबें पढ़िए, नई तकनीक सीखिए, सवाल पूछिए और खुद का विकास कीजिए। सीखने की इच्छा व्यक्ति को प्रगतिशील बनाती है। उन्होंने कहा कि जो डर गया, सो मर गया। जीवन में जैसी भी परिस्थिति आए, उसका डटकर सामना कीजिए। असफलता से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है, इसलिए गलतियां सुधारिए और आगे बढ़िए। हताश होने का विकल्प मत रखिए। अपने साथ-साथ परिवार और देश को भी आगे बढ़ाने का संकल्प लीजिए।

बीजेपी का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान

कांग्रेस के नरेटिव को तोड़ने के लिए जेन-जी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बीच जाएगी पार्टी

जयपुर कासं। कांग्रेस और सीजेपी के एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को हटाने के अभियान के नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी ने आज से देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान शुरू किया हैं। 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी ने जेन-जी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के जरिए कांग्रेस के नरेटिव को तोड़ने का लक्ष्य रखा हैं।

दरअसल, देश में इस समय विपक्षी पार्टियां एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली को लेकर मौजूदा केन्द्र सरकार पर सवाल खड़े कर रही हैं।

पदयात्रा और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं से जुड़ेगी बीजेपी

इस नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने आज से इस अभियान को शुरू किया हैं। अभियान के तहत हर प्रदेश में पार्टी पदयात्रा, संवाद कार्यक्रम, प्रेस कांफ्रेंस और सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल्स, युवा, छात्र और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

एसआईआर के पक्ष में जुटाएगी समर्थन अभियान को लेकर बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की शुचिता और पात्र नागरिकों के मताधिकार के मुद्दे पर जनसमर्थन जुटाना है। उन्होंने कहा कि स्ढुक को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब देना और चुनाव आयोग सहित लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास मजबूत करने का संदेश देना है। बगड़ी ने कहा कि विपक्ष एसआईआर को लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने और अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रहा है।

41 जिलों में पदयात्रा, 200 विधानसभाओं में संवाद उन्होंने बताया कि अभियान के तहत



प्रदेश के जिला मुख्यालयों में पदयात्राएं आयोजित की जाएगी। पदयात्राओं में मतदाता सूची की शुद्धता, घुसपैठ और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े मुद्दों पर जनता को सच्चाई से अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 23 से 31 अक्टूबर के बीच प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें डॉक्टर, वकील, शिक्षक, प्रोफेसर, कारोबारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और अन्य पेशेवर शामिल होंगे। इन संवादों में एसआईआर की प्रक्रिया, मतदाता सूची में संशोधन और अवैध घुसपैठ से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जयपुर में शाम 6 बजे तक 67.60 फीसदी वोटिंग

झोटवाड़ा में सबसे ज्यादा 72.02% और सबसे कम किशनगढ़-रेनवाल में 62.71% वोटिंग; 20 को रिजल्ट



जयपुर कासं। जयपुर जिले में पंचायत चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई। जयपुर में शाम 6 बजे तक हुई वोटिंग में 67.60 फीसदी वोट डले। पंचायत समिति वाइज देखे तो झोटवाड़ा में सबसे ज्यादा 72.02 फीसदी और सबसे कम किशनगढ़-रेनवाल में 62.71 फीसदी वोटिंग हुई। इसके अलावा मौजमाबाद पंचायत समिति में 70.19 फीसदी, दूदू पंचायत समिति में 69.87, चौमूं में 67.84, गोविंदगढ़ में 66.13, जोबनेर में 69.60 और सांभर पंचायत समिति में 65.04 फीसदी वोटिंग हुई। आपको बता दें कि जयपुर में जिला परिषद के 22 वार्डों में और 8 पंचायत समितियों के सभी 146 वार्डों में वोट डाले गए। वोटिंग के बाद अब मत पेटियां सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में बने स्ट्रांग रूम में देर रात तक पहुंचाई जाएगी। 20 नवंबर को वोटों की काउंटिंग होगी और रिजल्ट घोषित किया जाएगा। पहले फेज के लिए कुल 7 लाख 43 हजार 640 वोटर वोट करेंगे। इसमें 3 लाख 84 हजार 195 पुरुष मतदाता और 3 लाख 59 हजार 445 महिला मतदाता हैं। जिला परिषद के 22 वार्डों के लिए 60 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि पंचायत समिति के 146 वार्डों में कुल 415 प्रत्याशी मैदान में हैं।

सरपंच और वार्ड पंच के लिए नामांकन आज

इन 8 पंचायत समितियों में आने वाली 212 ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच और सरपंच के लिए ?चुनाव प्रक्रिया 23 अक्टूबर से शुरू होगी। 23 अक्टूबर को वार्ड पंच और सरपंच के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और देर शाम तक चुनाव लड़ने वालों की फाइनल सूची जारी की जाएगी। 24 अक्टूबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी और वोटिंग के बाद काउंटिंग शुरू करके देर रात परिणाम घोषित किए जांएगे।

2027-28 तक तैयार होगी ब्रह्मोस-नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल

चीफ बोले- वजन 1.3 टन होगा; रेंज बढ़ाकर 1500 किमी करना रोडमैप में शामिल, इसकी शुरुआती रेंज 290 किमी थी



नई दिल्ली एजेन्सी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस 2027-2028 तक ब्रह्मोस-नेक्स्ट जेनरेशन (NG) पहला प्रोटोटाइप तैयार कर सकता है। ब्रह्मोस-NG यानी मिसाइल का छोटा और हल्का रूप है। अभी वाली ब्रह्मोस 3 टन की है, इसलिए एक सुखोई-30 पर 1 ही मिसाइल लगती है।

नई ब्रह्मोस-NG (नेक्स्ट जेनरेशन) सिर्फ 1.3 टन का होगा। सुखोई पर 3 मिसाइल लगेंगी। तेजस, राफेल जैसे छोटे फाइटर जेट पर भी लग सकेगी। यानी इसकी ज्यादा स्वदेशी, नई टेक्नोलॉजी और हल्के मटेरियल से बनेगी।

कंपनी के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जयतीर्थ जोशी ने ANI को दिए इंटरव्यू में बताया कि मिसाइल अपनी शुरुआती 290 किमी स्ट्राइक रेंज से आगे की क्षमता दिखा चुकी है।

अब कंपनी 1500 चरू रेंज वाली मिसाइल का सोच रही है, लेकिन वो अभी सिर्फ कागज पर है। इसके लिए रूस से बात चल रही है।

विदेशी सेनाएं ब्रह्मोस-NG भी रुचि दिखा रहीं

डॉ. जोशी ने बताया कि कुछ देशों ने लड़ाकू विमान से लॉन्च की जा सकने वाली ब्रह्मोस को अपनी एयरफोर्स में शामिल करने में रुचि दिखाई है। इन देशों के पास सुखोई-30 विमान मौजूद हैं। इसके अलावा, कुछ देशों ने ब्रह्मोस-एनजी की इच्छा भी जताई है, जिसे पहले एयरबोर्न कॉन्फिगरेशन में विकसित किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शन के बाद बढ़ी दिलचस्पी

डॉ. जोशी के मुताबिक, मिसाइल के ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शन के बाद विदेशी सेनाओं की इसके ऑपरेशनल और फंक्शनल पैरामीटर्स में दिलचस्पी बढ़ी है। सेनाएं ऐसा अत्याधुनिक सिस्टम चाहती हैं, जो तेजी से बदलते युद्ध के माहौल के अनुसार खुद को ढाल सके।

डॉ. जोशी ने कहा कि ब्रह्मोस एक बेहद आधुनिक हथियार है। यह समय के साथ विकसित हो रहा है और इसने अपने प्रदर्शन की क्षमता साबित की है। पूरे ऑपरेशन के दौरान मिसाइल ने दुश्मन के ठिकानों पर सटीक निशाना लगाया। इस दौरान एक भी मिसाइल इंटरसेप्ट

पीएम बोले-कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे

कांग्रेस कब तक अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी

नई दिल्ली एजेन्सी। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं।

मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी।

मोदी नई दिल्ली में ह्रष्ठञ्जङ्क वर्ल्ड समिट 2026 में स्पीच दे रहे थे। यहां उन्होंने दुनिया की मौजूदा राजनीति, अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) और भारत की भूमिका पर बात की

पीएम ने कहा कि कोरोना के समय जब दुनिया को सहयोग की जरूरत थी, तब सबने अपने स्वार्थ को प्राथमिकता दी। तब मैंने कहा था कि दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है।

पीएम की स्पीच की बड़ी बातें...

दुनिया के बदले हालात पर: आजकल नए वर्ल्ड ऑर्डर की चर्चा भी हर कोई कर रहा क्योंकि इसका असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। हमें समझना होगा दुनिया का वर्ल्ड ऑर्डर बदल क्यों रहा है। और इस बदलती दुनिया में भारत की भूमिका क्या है। दूसरे विश्व युद्ध ने दुनिया को एक बड़ा सबक दिया था। दुनिया ने समझा था कि सम्मान, सहयोग और विवादों का समाधान भी जरूरी है। इसी ने यूएन की नींव रखी।



वैश्विक समस्याओं के समाधान पर: यूएन ने अपनी भूमिका तो निभाई लेकिन आज दुनिया के सामने नई चुनौती है। टेक्नोलॉजी ने दुनिया को पूरी तरह बदल दिया। पहले जो देश उस वक्त ग्लोबल ऑर्डर का हिस्सा नहीं थे अब वो भी वहां आ गए हैं। लेकिन यूएन के सामने आज की चुनौतियां साफ दिखाई देती हैं। क्यों जब दुनिया की समस्याएं बदल जाएं और समाधान का तरीका नहीं बदले तो दूरियां दिखती हैं। और आज वही हो रहा है।

व्यवस्था-वास्तविकता के बीच की दूरी पर: आज ट्रेड वेपनाइजेशन का माध्यम बन रहा है, सी रूट आज जियोपॉलिटिकल टेंशन का केंद्र बन रहे हैं। इसलिए चुनौती ये है कि नई वास्तविकताओं को जगह कैसे मिले। यहां से भारत की भूमिका भी सामने आती है। 2020 में जब मैंने कहा था दुनिया के लिए एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत है। यानी ऐसी व्यवस्था जिसके केंद्र में लोग हों।

आज ये सवाल तो है ही कि वर्ल्ड ऑर्डर बदल रहा है तो लेकिन ये भी समझना जरूरी है कि हम कैसे इस बदलती दुनिया में बदलती आवाजों को भी मुख्यधारा का हिस्सा बना सकेंगे। हमारे यहां चाणक्य ने कहा है कि व्यवस्था कमजोर पड़ती है तो मत्स्य न्याय पैदा होता है। यानी बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है।

भारत की भूमिका पर : भारत जितना मजबूत होगा दुनिया भी उतनी ही मजबूत होगी। भारत दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की कोशिश कर रहा है। देश ने वो दिन देखे हैं जब बिजली की डिमांड बढ़ने पर पूरा ग्रिड बैठ जाया करता था। लेकिन जब देश एक साथ चलता है तो पावर ग्रिड बैठता नहीं है आगे बढ़ जाता है।

दुनिया के आधे से ज्यादा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स भारत में हैं। पहले ऐसे सेंटर्स पर सिर्फ सर्विस पर फोकस होता था। यानी भारत का रोल बदल रहा है। भारत की पहचान बदल रही है। पहले जो दुनिया भारत की मैनपावर पर भरोसा करती थी आज वही दुनिया हमारी माइंड पावर पर भी भरोसा कर रही है।

पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधा

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जहां नए ऑर्डर की तलाश में है। कुछ लोग भारत में डिसऑर्डर के सपने देख रहे हैं। कुछ लोग दुनिया में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। ये विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ विद्रोह की अर्जी लगाते हैं। पता नहीं कांग्रेस कब तक अपने नेता को लॉन्च करती रहेगी।

मोदी ने कहा- साल भर में श्रीहरिकोटा से जितनी लॉन्चिंग नहीं होती है, उतनी कांग्रेस के नेता की होती है। आज परिवार कांग्रेस पर बोझ बन चुका है। कांग्रेस के लोग अकेले में ये बताते हैं। आज इससे देश के ईमानदार आलोचकों को भी इसका नुकसान हो रहा है। मोदी ने एक बार फिद दोहराया- ऐसी चुनौतियों के सामने हमारे पास विकसित भारत का लक्ष्य है। इसलिए हमारे सामने एक ही सपना है वी विल डू इट। वी विल डू इट, हम नई ऊंचाइयां छुएंगे। और पूरी दुनिया के सामने अपने-आप को मजबूती से रखेगा। मुझे उम्मीद है कि भारत अपनी सभी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा।

दीपावली पर स्कूलों में होगी लाइटिंग

सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में होगी साफ-सफाई सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में होगी साफ-सफाई

बीकानेर (खबर आस पास)। राजस्थान के शिक्षा विभाग ने स्कूलों और कार्यालयों के लिए जारी किए निर्देश, शौचालयों की सफाई भी जरूरी दिवाली पर्व को देखते हुए राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने अधिकारियों और संस्था प्रधानों को जरूरी कार्रवाई करने के लिए कहा है। हालांकि, इन व्यवस्थाओं के लिए अलग से कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया गया है।

स्कूल परिसर, कक्षा-कक्ष और शौचालयों की होगी सफाई

निर्देशों के अनुसार, सभी सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्कूल परिसर, कक्षा-कक्ष, शौचालय, पेयजल स्थल और आसपास के क्षेत्रों की उचित सफाई करवाई जाएगी। इसके साथ ही जरूरत के अनुसार रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद वातावरण बना रहे।

अधिकारियों को प्राथमिकता से पालना कराने के निर्देश

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने अधीनस्थ अधिकारियों और संस्था प्रधानों को जारी निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

ये निर्देश स्कूल शिक्षा (ग्रुप-5) के संयुक्त शासन सचिव के 16 अक्टूबर 2026 के पत्र के क्रम में जारी किए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि संबंधित शिक्षा अधिकारियों, समग्र शिक्षा के अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

पंचमुखा हनुमान मंदिर में मंदिर नव निर्माण पूर्णता महोत्सव एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम 23 से 26 तक



बीकानेर (खबर आस पास)। रानी बाजार, इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पंचमुखा हनुमान मंदिर नव निर्माण पूर्णता महोत्सव एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर तक श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ किया जाएगा। पंचमुखा सेवा संस्थान, बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित इस चार दिवसीय महोत्सव में अखंड रामचरितमानस पाठ, शोभायात्रा, जागरण, संत-महात्माओं के प्रवचन, मंदिर शिखर पर कलश स्थापना, महाप्रसाद तथा 33 कोटि देवी-देवताओं की सामूहिक महाआरती सहित

अनेक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। संस्था के अध्यक्ष राहुल गहलोत व मीडिया प्रभारी भागीरथ गहलोत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में चार दिवसीय कार्यक्रमों में अखंड रामचरितमानस शोभायात्रा सहित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। संस्थान के सचिव जितेन्द्र गहलोत ने चार दिन होने वाले कार्यक्रमों की रुप रेखा में जानकारी दी। 23 अक्टूबर को अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ महोत्सव का शुभारंभ सुबह 11 बजे अखंड रामचरित मानस पाठ के साथ होगा। यह पाठ 24 अक्टूबर को सायं 7 बजे पूर्ण होगा। 24 अक्टूबर को अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति शाम 7 बजे अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति होगी। इस दौरान श्रद्धालु धर्म एवं भक्ति के वातावरण में सहभागी बनेंगे।

25 अक्टूबर को शोभायात्रा, जागरण एवं खीर प्रसाद वितरण दोपहर 2 बजे से

शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। रात 9 बजे श्री हनुमान जी का जागरण होगा, जिसमें पंचमुखा दरबार के कलाकार भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाएंगे। रात्रि 12 बजे श्रद्धालुओं के बीच 101 किलोग्राम साबूदाना खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं मुख्य धार्मिक आयोजन

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह 9 बजे संत-महात्माओं द्वारा मंदिर शिखर पर कलश स्थापना की जाएगी। सुबह 10 बजे संत-महात्माओं के प्रवचन होंगे। दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।क्षसंस्था से जुडे मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. कन्हैया कच्छावा ने बताया कि रात 8 बजे महोत्सव का विशेष आकर्षण 33 कोटि देवी-देवताओं की सामूहिक महाआरती होगी। गंगा आरती की शैली में आयोजित इस आरती में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समस्त श्रद्धालुओं से सहभागिता की। इस मौके पर सत्यनारायण गहलोत, आन्नद गहलोत, किशन गहलोत पप्पू गहलोत मंदिर के पुजारी है जो शामिल रहे।

वोटिंग लाइन में लगी महिला चक्कर आने से गिरी

बॉर्डर पर मतदान हो रहा लंबी लाइनें लगीं; अब तक 15 प्रतिशत वोट पड़े

बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर में पंचायती राज आम चुनाव-2026 के पहले चरण का मतदान चल रहा है। पूगल, छत्तरगढ़, खाजूवाला और रुणिया पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद के 8 और पंचायत समिति के 60 सदस्यों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा

इसके लिए 319 मतदान केंद्रों पर 319 मतदान दल तैनात किए गए हैं। वहीं, 112 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच चुनाव के तहत 23 अक्टूबर को नामांकन, 24 अक्टूबर को मतदान और मतगणना और 25 अक्टूबर को उप सरपंच का चुनाव होगा।

बीकानेर में 5 पंचायत समितियों से 400 दावेदार मैदान में: एक सीट पर 11 उम्मीदवारों में टक्कर; जानें आपके इलाके में कौन जता रहा दावेदारी

पंचायतीराज चुनावों के दूसरे चरण में बीकानेर जिले की 5 पंचायत समितियों में चुनाव होने हैं। इनमें बीकानेर, बज्जू खालसा, बीठनोक, हदां और कोलायत की 137 ग्राम पंचायतों में करीब 400 दावेदार सामने आए हैं।

नोखा के दो राजकीय विद्यालयों में बीकाजी एवं निर्विकल्प फाउंडेशन की करिअर वैन ने दिया मार्गदर्शन

भामाशाह सुभाष चंद्र भूरा ने विद्यार्थियों को सही कॅरिअर चयन के लिए मार्गदर्शन को बताया महत्वपूर्ण



नोखा/बीकानेर (खबर आस पास)। विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुरूप कॅरिअर चुनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरुवार को बीकाजी के सहयोग से निर्विकल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क कॅरिअर काउंसलिंग वैन के माध्यम से नोखा के बाबा छोटूनाथ जी राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा श्रीमती हीरा देवी गट्टानी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कॅरिअर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विषय एवं पाठ्यक्रम चयन, विभिन्न कॅरिअर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास तथा रोजगार की संभावनाओं के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई।

बाबा छोटूनाथ जी विद्यालय में भामाशाह सुभाष चंद्र भूरा रहे मुख्य अतिथि

नोखा। बाबा छोटूनाथ जी राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाह सुभाष चंद्र भूरा मुख्य अतिथि तथा समाजसेवी राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए कॅरिअर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर दिया और इस प्रकार की पहल को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।कार्यक्रम में नेशनल कॅरिअर काउंसलर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॅरिअर चयन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता, योग्यता और कौशल को पहचानकर भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लिए उपयुक्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकल्पों का चयन कर सकते हैं। काउंसलर लोचन पारीक ने कॅरिअर काउंसलिंग वैन परियोजना के उद्देश्य और कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से ग्रामीण एवं राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों तक कॅरिअर संबंधी जानकारी और विशेषज्ञ मार्गदर्शन पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन मनन श्रीमाली ने किया। विद्यालय की उपप्राचार्य कौशल्या ने अतिथियों एवं कॅरिअर वैन टीम का आभार व्यक्त किया।

श्रीमती हीरा देवी गट्टानी विद्यालय में विद्यार्थियों ने प्राप्त की कॅरिअर संबंधी जानकारी

श्रीमती हीरा देवी गट्टानी राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भी कॅरिअर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, लक्ष्य निर्धारित करने और उपलब्ध कॅरिअर विकल्पों की जानकारी लेकर सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की रुचि और क्षमता अलग होती है, इसलिए कॅरिअर का चयन केवल दूसरों की देखा-देखी नहीं, बल्कि अपनी योग्यता एवं कौशल के आधार पर करना चाहिए। सही जानकारी और समय पर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक होता है। लोचन पारीक ने विद्यार्थियों को परियोजना की गतिविधियों एवं उद्देश्य से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरिअर विकल्पों और आगे की पढ़ाई से जुड़ी जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य रिशपाल विश्नोई ने कॅरिअर वैन टीम का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य सोहन लाल जोशी तथा व्याख्याता दिनेश भार्गव ने विशेष सहयोग प्रदान किया। दोनों विद्यालयों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक होने, उपलब्ध अवसरों को समझने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। बीकाजी के सहयोग से निर्विकल्प फाउंडेशन की यह पहल विद्यार्थियों तक कॅरिअर मार्गदर्शन पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

मेडिकल कॉलेज में रैगिंग मामले में बड़ी कार्रवाई;

सात आरोपी छात्र सस्पेंड, परिजनों को भी बुलाया

बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में जूनियर एमबीबीएस छात्रों के साथ हुई रैगिंग और उत्पीड़न के गंभीर मामले में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए रैगिंग के आरोप में 7 आरोपी छात्रों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कॉलेज प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी आरोपी छात्रों के परिजनों को भी कॉलेज तलब किया है।

मामले की विस्तृत जांच एंटी रैगिंग कमेटी की अनुशासन समिति द्वारा की जा रही है। वर्तमान में आरोपी छात्रों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पीड़ित छात्रों की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जो छात्र खुलकर सामने बोलने में असमर्थ हैं या डर रहे हैं, उन्हें अपने बयान गुप्त रूप से एक कागज पर लिखकर शिकायत बॉक्स (ड्रॉप बॉक्स) में डालने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बुधवार को एंटी रैगिंग कमेटी के तहत गठित अलग-अलग उप-समितियों की आपात बैठक ली। उन्होंने मामले की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शी जांच के निर्देश दिए और छात्रों को सख्त हिदायत दी कि कॉलेज परिसर में अनुशासनहीनता और रैगिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

क्या था मामला?

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की एंटी रैगिंग सेल के कड़े संज्ञान के बाद यह पूरा मामला उजागर हुआ था। आरोप है कि सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर्स पर जबरन पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के नाम पर अमानवीय नियम थोपे जा रहे थे। मसलन ट्रिमर की 0.5 सेटिंग से बाल कटवाने, मूंछ-दाढ़ी न रखने का दबाव बनाना। सीनियर को झुककर अभिवादन करने और 5 पन्नों की अश्लील व अपमानजनक पीडीएफ पढ़ने के लिए मजबूर करना। बात न मानने पर सामाजिक बहिष्कार और परीक्षाओं/कॉलेज कार्यक्रमों में सहयोग न करने की धमकियां देना। मामले की गंभीरता को देखते हुए ने प्रिंसिपल से 6 बिंदुओं पर बिंदुवार रिपोर्ट मांगी थी, जिसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

विद आउट ड्रेस आने की छूट

परिसर में रैगिंग पर पूरी तरह अंकुश लगाने और नए छात्रों को सहज माहौल देने के लिए कॉलेज प्रशासन ने फर्स्ट ईयर के छात्रों को ड्रेस कोड में नहीं आने की छूट दी है। नए नियम के मुताबिक छात्र अपना एप्रन बैग में रखकर ला सकेंगे और कॉलेज परिसर/क्लास में पहुंचने के बाद ही उसे पहन सकेंगे, ताकि रास्ते में या गेट पर उनकी पहचान कर परेशान न किया जा सके।

आवेदन अब 31 तक, अंतिम तिथि बढ़ाई

बीकानेर (खबर आस पास)। कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 31 अक्टूबर की रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित थी। विद्यार्थी हित में शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर ने अंतिम तिथि में बढ़ोतरी करते हुए अतिरिक्त समय दिया है। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान शीशराम कुलहरि की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2027 और प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5), 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे।

शत-प्रतिशत आवेदन कराने के निर्देश

विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजकीय विद्यालयों, राजकीय संस्कृत विद्यालयों, मूक-बधिर विद्यालयों, अंध विद्यालयों, निजी विद्यालयों और मदरसों में कक्षा 5वीं व 8वीं के सभी पात्र एवं नियमित विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित समय में पूरे कराए जाएं। इसके लिए प्रभावी पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि 31 अक्टूबर की रात 11:59 बजे तक शाला दर्पण पोर्टल पर शत-प्रतिशत पात्र एवं नियमित विद्यार्थियों के आवेदन पूरे नहीं करने वाले संस्था प्रधानों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। ऐसे में विद्यालयों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

30 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस 23 अक्टूबर तक देना होगा स्पष्टीकरण

बीकानेर (खबर आस पास)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नव मतदाताओं तथा पंजीकरण से वंचित पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बीकानेर पश्चिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण की धीमी प्रगति पर 30 कमजोर प्रदर्शन वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर) रीना छींपा की अध्यक्षता में इस संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (तहसीलदार) विवेक चौधरी, नायब तहसीलदार मनोज पुरोहित सहित क्षेत्र के समस्त सुपरवाइजर तथा न्यूनतम प्रगति वाले 30 बीएलओ उपस्थित रहे। बैठक में 1 से 20 अक्टूबर तक की अवधि में नव मतदाता पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित 30 बीएलओ की लक्ष्य प्राप्ति लगभग 2.63 प्रतिशत से 15.15 प्रतिशत के बीच रही, जो अपेक्षित स्तर से काफी कम है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने 30 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 23 अक्टूबर तक लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा पंजीकरण कार्य में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सभी सुपरवाइजर को अपने अधीनस्थ बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा पंजीकरण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डाइट स्तर पर आयोजित हुई अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी शिक्षण-अधिगम सामग्री निर्माण प्रतियोगिता



बीकानेर (खबर आस पास)। आरएससीईआरटी एवं स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डाइट बीकानेर में प्रथम वर्ष के डीएलएड विद्यार्थियों के लिए 'अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी शिक्षण-अधिगम सामग्री निर्माण प्रतियोगिता' आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रभावी शिक्षण कौशल को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रतियोगिता में डाइट के 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अनुपयोगी एवं पुनः उपयोग योग्य सामग्री का रचनात्मक उपयोग करते हुए विभिन्न शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार की। प्रतिभागियों की सामग्री का मूल्यांकन जूरी के सदस्य राजेंद्र कुमार भाभू, किरण शेखावत, कविता तंवर एवं प्रताप सिंह राठौड़ द्वारा शैक्षणिक उपयोगिता, सृजनात्मकता, नवाचार एवं कक्षा-कक्ष में प्रयोग की संभावनाओं के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुमित, द्वितीय मनीष तथा तृतीय स्थान गजानंद ने प्राप्त किया। डाइट स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी राज्य स्तरीय शिक्षण-अधिगम सामग्री निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर पर विद्यार्थी अपनी तैयार सामग्री की शैक्षणिक उपयोगिता एवं कक्षा-कक्ष में उसके प्रयोग का प्रदर्शन करेंगे। यह पहल भावी शिक्षकों में 'अनुपयोगी से उपयोगी' की सोच, नवाचार एवं अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्रताप सिंह राठौड़, रेणु एवं डाइट प्रिंसिपल प्रवीण कुमार खत्री जी एवं समस्त ज्यूरी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन में मुख्य अतिथि भरत कुमार जोशी जिला शिक्षा अधिकारी प्राशि बीकानेर एवं दिनेश कुमार आचार्य अतिरिक्त निदेशक एवं पंजीयक बीकानेर निदेशालय रहे।

जिस चरण में स्वयं मतदाता उस चरण में चुनाव ड्यूटी से मिले मुक्ति

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा, बीकानेर ने उठाई मांग, मतदाता कार्मिकों की ड्यूटी अन्य चरणों में लगाने का सुझाव

बीकानेर (खबर आस पास)। पंचायत आम चुनाव 2026 में शिक्षकों एवं अन्य राजकीय कार्मिकों को उनके स्वयं के मतदान वाले चरण में निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा, बीकानेर ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर से आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया है। महासंघ की स्पष्ट मांग है कि यदि किसी कार्मिक का नाम उस पंचायत समिति क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज है, जहां किसी निर्धारित चरण में मतदान होना है, तो उस कार्मिक की ड्यूटी उसी मतदान चरण में नहीं लगाई जाए। इसके बजाय उसकी निर्वाचन ड्यूटी ऐसे दूसरे चरण में लगाई जाए, जिसमें वह स्वयं मतदाता के रूप में मतदान कर सके। इससे कार्मिकों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए पर्याप्त अवसर मिल सकेगा। प्रदेश सचिव रवि आचार्य ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे शिक्षक एवं अन्य कार्मिक भी लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने का समान अवसर मिलना चाहिए। यदि किसी कार्मिक की ड्यूटी उसके स्वयं के मतदान वाले दिन या चरण में लगा दी जाती है और वह मतदान नहीं कर पाता, तो यह गंभीर व्यावहारिक समस्या है। इसलिए ड्यूटी आवंटन से पहले कार्मिकों के मतदान क्षेत्र एवं चरण का सत्यापन किया जाना आवश्यक है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश विश्नोई ने आग्रह किया कि जिला प्रशासन इस मांग पर गंभीरता से विचार कर स्पष्ट दिशा- निर्देश जारी करे। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की ड्यूटी का चरणवार समायोजन करके निर्वाचन कार्य भी सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सकता है और कार्मिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा भी की जा सकती है। महासंघ ने मांग की है कि मतदाता कार्मिक को उसके स्वयं के मतदान चरण में निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखकर अन्य चरण में नियुक्त किया जाए, ताकि कोई भी कार्मिक निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन के कारण अपने मताधिकार से वंचित न रहे।